आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- चार जून को होने वाली मतगणना के बारे में उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन अधिकारी की बैठक हुई।
- स्वच्छ पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अण्डमान ज़िले में कई स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही है।
- कृषि विभाग द्वारा छोलदारी के ब्लूम्सडेल में पांच हजार नट क्षमता के हॉट एयर ब्लोअर किस्म का कोपरा सुखाने की मशीन को स्थापित किया गया है।
- महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।
- भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण में आज से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना के बारे में जानकारी देने के लिए निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस बैठक में निर्वाचन अधिकारी ने जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में चार जून को होने वाली मतगणना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्ट्रांग रूम सामान्य पर्यवेक्षक निर्वाचन अधिकारी और उम्मीदवारों के समक्ष खोला जाएगा। उन्होंने सभी से इस समय उपस्थित रहने का आग्रह किया। मतगणना हॉल में मतगणना एजेंटों को प्रवेश देने के लिए उन्हें निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से कलर अंकित प्रवेश पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले डाक मतपत्र और इलैक्ट्रोनिकली ट्रांसमीटेड डाक मत प्रणाली की गणना की जाएगी। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे से दो मतगणना हॉल में ईवीएम की मतगणना आरंभ होगी। प्रत्येक हॉल में चौदह–चौदह टेबल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि करीब पन्द्रह राउंड तक मतगणना को पूरा कर दिया जाएगा। भारतीय चुनाव आयोग के निर्देश पर वीवी पैट मशीन के लिए अलग मतगणना

बूथ मुख्य मतगणना केन्द्र के भीतर स्थापित किया जाएगा, जहां पांच वीवी पैट को लॉटरी के माध्यम से मतगणना के लिए बेतरतिब चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना हॉल के भीतर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। चुनाव परिणाम की घोषणा के लिए भी उचित बन्दोबस्त किए गए है।

<><><><><><><>

स्वच्छ पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अण्डमान ज़िले में कई स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही है, ताकि ज़िले को साफ–सुथरा बनाया जा सकें। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीण के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत सभी पंचायतों में नालों की सफाई का बीडा उठाया गया है और पिछले दस दिनों के दौरान सभी पंचायतों ने विभिन्न वार्डों में नालों की साफ–सफाई की है, ताकि जल प्रवाह आसानी से हो सकें। समर्पित टीम और उनके स्वयंसेवकों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्रों में शौचालय, उद्यान और अन्य स्थलों की साफ–सफाई की जा रही है। एकत्र किए गए कचरों का उचित निपटान हो। इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए उन्हें शिक्षित किया जा रहा है और खुले में गंदगी फैलाने से इसके दुष परिणामों की भी जानकारी दी जा रही है। ज़िला उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि निरंतर चलने वाला अभियान है, ताकि ज़िले को स्वच्छ और सुन्दर बनाए जा सके। आने वाले सप्ताह में और क्षेत्रों और समुदायों को शामिल करते हुए यह अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

कृषि विभाग द्वारा छोलदारी के ब्लूम्सडेल में पांच हजार नट क्षमता के हॉट एयर ब्लोअर किस्म का कोपरा सुखाने की मशीन को स्थापित किया गया है। दक्षिण अंडमान के कृषक, जिन्होंने ई–समृद्धि पोर्टल मे ंअपना पंजीकरण कराएं हैं, वे नारियल को कोपरा में तब्दील करने का लाभ निःशुल्क उठा सकते हैं। हालांकि नारियल को कोपरा में बदलने के लिए ईंधन का प्रबंध किसानों को स्वयं करना होगा। फार्म परिसर में नारियल या कोपरा के भंडारण के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। किसानों को चार–पांच दिनों के भीतर कोपरा बनाने की प्रक्रिया पूरा कर अपने कोपरा को तुरंत ले जाने को कहा गया है। इच्छुक किसान आवेदन पत्र अपने नजदीकी कृषि सब–डिपो या कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और इसके संचालन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन फार्म प्रभारी की निगरानी में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेन्टर के फोन नम्बर–दो चार तीन चार तीन चार पर या नजदीकी कृषि सब–डिपो से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हर वर्ष असाधारण बहादुरी का योगदान देने वाले बच्चों के अलावा असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को उनके योगदान के लिए दिया जाता है। खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले युवाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। हर वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक पांच वर्ष से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक, जो भारत में ही निवास करते हैं, वे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन स्वीकार करने के लिए पोर्टल एक अप्रैल से खुल चुकी है। इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन फार्म स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक बच्चे इसमें आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in पर की जा सकती है। पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते है।

<><><><><><><>

शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और स्थानीय लोगों में द्वीपों की जैव विविधता संरक्षण पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। विभाग में आज से इक्कतीस मई तक सुबह दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक प्रदर्शनी आम जनता के लिए खुली रहेगी और इसमें प्रवेश निःशुल्क होगा।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से हाल ही में कच्छाल के सालु टेकरी में एक सामूहिक कृमि मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य परजीवी कृमि से निजात दिलाकर स्थानीय और पालतू पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना था। शिविर के दौरान लगभग एक सौ अस्सी से अधिक पालतू पशुओं की जांच की गई और उन्हें कृमि मुक्ति दवाएं दी गई। इस दौरान स्थानीय किसानों और पशु मालिकों को नियमित कृमि मुक्ति, उचित पशु देखभाल और प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर निर्वाचन अधिकारी की ओर से बैठक आयोजित करने और इन बैठकों में मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के सामचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने आज अपनी बडी खबर बनाया है। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पन्द्रह जून को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होने के समाचार को भी इन अखबारों ने प्रमुखता दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने पंचायत स्तर पर औषधीय पौध को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है– इंफो इंडिया की खबर है। पुलिस महानिदेशक द्वारा सरकारी संपतियों के लिए आई आर बी एन में क्यू आर कोड प्रणाली का उद्घाटन करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है, जबकि आई पी एल में कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>